

# समझें डायबिटिक न्यूरोपैथी को

डायबिटिक न्यूरोपैथी नसों में होने वाले एक प्रकार के नुकसान को कहते हैं, और यह डायबिटीज़ से पीड़ित लोगों में होता है। समय के साथ ज़्यादा ब्लड शुगर और और रक्त में वसा की ज़्यादा मात्रा डायबिटिक न्यूरोपैथी का कारण बन सकती है।

## डायबिटिक न्यूरोपैथी होने का ख़तरा इन कारणों से बढ़ता है

- कोरोनरी हृदय रोग
- शराब या अल्कोहल-युक्त पेय पदार्थ पीना
- ज़्यादा धुम्रपान करना
- ज़्यादा वज़न
- उच्च रक्तचाप और बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल
- विकसित गुर्दे की बीमारी

## डायबिटिक न्यूरोपैथी से जुड़े लक्षण

डायबिटिक न्यूरोपैथी में लक्षणों का संबंध अक्सर स्पर्श, दर्द, तापमान और अन्य संवेदनाओं से होता है

- संवेदनहीनता, ख़ास तौर पर पाँवों और पाँव की उंगलियों में
- सिहरन या जलन का एहसास
- तेज़, टीस वाला दर्द, जो रात को बढ़ जाता है
- नितंब, कूल्हे या जांघ में दर्द
- जांघ की मांसपेशियों में कमज़ोरी और सिकुड़न
- बैठी हुई मुद्रा से उठने में परेशानी
- घाव, संक्रमण, पाँव के आकार में बदलाव और हड्डियों तथा जोड़ों के नुकसान जैसी पाँव की समस्याएँ
- तापमान में बदलाव महसूस करने की क्षमता खोना
- संतुलन खोना, गिरने का ज़्यादा ख़तरा और चलने के तरीके में बदलाव

आपके रक्त में वसा की मात्रा (कोलेस्ट्रॉल) के साथ आपके ब्लड शुगर स्तरों और रक्तचाप को नियंत्रित रखने से न्यूरोपैथी के लक्षणों में सुधार और नसों की बीमारी का विकास कम हो सकता है।

### डायबिटिक न्यूरोपैथी इतनी कष्टदायक क्यों होती है?

नसें मस्तिष्क में और मस्तिष्क से संदेश लाती हैं, कि हमें क्या महसूस हो रहा है। डायबिटिक न्यूरोपैथी में नसों के संदेश में बाधा उत्पन्न होती है, जिससे संवेदनहीनता, सिहरन, जलन और तकलीफ होती है। कुछ लोगों को यह दर्द के रूप में महसूस हो सकता है, जो काफी कष्टदायक होता है और सामान्य आरोग्य को प्रभावित करता है।




### पेन फिज़िशियन डायबिटिक न्यूरोपैथी से संबंधित दर्द के उपचार के लिये विशिष्ट समाधान देकर आपकी सहायता कर सकते हैं।

**पेन फिज़िशियन** दवाओं और मिनिमली इनवेसिव पेन ऐंड स्पाइन इंटरवेंशन (MIPSI) के ताल-मेल समेत विशिष्ट उपचार योजनाएँ विकसित करके उचित समाधान दे सकते हैं।



**दर्द की दवाएँ/ऐनल्जेसिक्स/ऐंटी-न्यूरोपैथिक दवाएँ**

- दर्द कम करती हैं



**मिनिमली इनवेसिव पेन ऐंड स्पाइन इंटरवेंशन (MIPSI)**

- एपिड्युरल स्टेरॉइड इंजेक्शन
- पेरिफेरल नर्व मॉड्युलेशन
- स्पाइनल कोर्ड स्टिम्युलेशन

Issued in Public Interest by

Indian Society for Study of Pain • 1984

Program sponsored by
Mylan Pharmaceuticals Pvt. Ltd.
A Viatris Company

VIATRIS™